आई टी एल पब्लिक स्कूल
पूर्ववार्षिक परीक्षा कार्यपत्रिका (2025-26)
विषय- हिंदी

दिनांक : फरवरी 2026 कक्षा: पंचम

समय : 2 घंटे कुल अंक : 50

नाम:

सामान्य निर्देश- 1) इस प्रश्न -पत्र में 3 पृष्ठ, 4 भाग और कुल 12 प्रश्न हैं।
2) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3) सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सुंदर व साफ़ लिखाई में उत्तर दीजिए।

	भाग क पठन कौशल	
प्रश्न 1	दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए। बैंगलोर भारत के दक्षिणी राज्य कर्नाटक की राजधानी है। यह शहर अपने आईटी हब, सुंदर बाग़ों, और समृद्ध संस्कृति के लिए प्रसिद्ध है। इसे "गार्डन सिटी ऑफ इंडिया" भी कहा जाता है। यहाँ के प्रमुख आकर्षणों में बेंगलोर पैलेस, लुब्बन गार्डन, और बेंगलोर फोर्ट शामिल हैं। बैंगलोर में कई प्रमुख आईटी कंपनियों के कार्यालय हैं। यहाँ की संस्कृति में कर्नाटक संगीत और यक्षगान प्रमुख हैं। बैंगलोर के व्यंजनों में बिसिबेलेबथ, इप्पा, और मंगलोरियन फिश करी प्रसिद्ध हैं। यहाँ के लोग मुख्य रूप से कन्नड़ भाषा बोलते हैं। बैंगलोर में कई प्रसिद्ध शिक्षण संस्थान हैं। यह शहर अपने उद्यानों और हरे-भरे वातावरण के लिए जाना जाता है। बैंगलोर में कई प्रमुख उत्सव मनाए जाते हैं।	
	1. बैंगलोर को क्या कहा जाता है? अ) गार्डन सिटी ऑफ इंडिया ब) आईटी सिटी ऑफ इंडिया स) कर्नाटक की राजधानी	
	2. बैंगलोर का प्रमुख आकर्षण क्या है? अ) बैंगलोर पैलेस ब) रोज़ गार्डन स) कुंभलगढ़ फोर्ट द) ताजमहल	
	3. बैंगलोर में कौन सी भाषा मुख्य रूप से बोली जाती है? अ) कन्नड़ ब) तमिल स) तेलुगु द) हिंदी	
	4. बैंगलोर का प्रसिद्ध व्यंजन क्या है?	
	5. बैंगलोर को आईटी हब क्यों कहा जाता है?	
	भाग-ख भाषा कौशल	
प्रश्न 2	दिए गए शब्दों से विशेषण बनाइए। (क) भारत (ख) लखनऊ (ग) घर	
प्रश्न 3	निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम चिहन् लगाकर वाक्य दोबारा लिखिए। (क) टीना ने आते ही कहा ओह आज मुझे बहुत काम करना है (ख) अमन ने पूछा चाचा जी आप क्या कर रहे है (ग) गाँव में गाय भैंस ऊँट और भेड़ आदि पशु पाले जाते हैं (घ) क्या मेरा मित्र दूध दही खाता है	

प्रश्न 4	निम्नलिखित वाक्यों में गलत विराम चिहन् के स्थान पर सही विराम चिहन् लगाकर वाक्य दोबारा लिखिए। (क) क्या मोहित ने अपने पैसे वापिस माँगे । (ख) समीर ने कहा - मैं दीपावली के दिन कुरता पहँनूगा ? (ग) पिताजी बारी , बारी से पौधों को पानी क्यों देते है। (घ) वाह ? राम और मोहन की दोस्ती प्रसिद्ध है।	
प्रश्न 5	कोष्ठक में दिए निर्देशानुसार विशेषण रिक्त स्थान में भरिए। (क) मेरे जन्मदिन पर मुझे ---------------- उपहार मिले। (संख्यावाचक विशेषण) (ख) अंगूर बहुत ------------ थे। (गुणवाचक विशेषण) (ग) प्रसाद के लिए --------------- लड्डू ले आओ। (परिमाणवाचक विशेषण) (घ) ---------------- पुस्तकें मेरे पिताजी ने दी हैं। (सार्वनामिक विशेषण)	
प्रश्न 6	निम्नलिखित वाक्यों में विशेषण व विशेष्य अलग करके लिखिए। (क) दो लीटर दूध से खोया निकाला गया। (ख) मेरे घर के पास तीस पेड़ लगे हैं। (ग) तुम कल सफ़ेद कुरता खरीद लेना।	
प्रश्न 7	दिए गए वाक्यांशों के लिए शब्द लिखिए । (क) सत्य बोलने वाले (ख) काम से जी चुराने वाला (ग) जिसका संबंध विज्ञान से हो	
	भाग-ग साहित्य कौशल	
प्रश्न 8	निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए। (क) धरोहर (ख) निर्मल (ग) विशाल (घ) करुणा (ङ) आशंकित (च) योजना (छ) सौम्य	
प्रश्न 9	रिक्त स्थान में उचित शब्द भरें। (क) अजंता की ____________ के चित्र बहुत सजीव हैं। (ख) उत्तर ____________ के एक सुंदर सरोवर में तीन मछलियाँ रहती थी। (ग) गोमुख से थोड़ा नीचे ____________ में मेरा भव्य मंदिर है । (घ) हरिद्वार के पास से एक ____________ निकाली गई जिसे गंगा नहर कहा जाता है।	
प्रश्न 10	दिए गए तथ्यों को सही करके लिखिए। (क) कानपुर भारत का प्रसिद्ध तीर्थ स्थल है।	

	(ख) पश्चिम बंगाल पहुचते पहुचते मेरा रंग मटमैला हो जाता है। (ग) तीसरी मछली शिकारियों के जाल में फँस गई।	
प्रश्न 11	नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर **20-30** शब्दों में दें। (क) अजंता के चित्रों में किस प्रकार के रंग प्रयोग किए गए है? (ख) आपको कौन-सी मछली सबसे अच्छी लगी और क्यों? (ग) गंगा के तट पर बसे औद्योगिक नगरों के नाम बताते हुए उनसे होने वाली हानि बताइए ?	
प्रश्न12	नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर **30-40** शब्दों में दें। (क) "हमारे ये कलामंदिर" पाठ से हमें कौन-सी ज़िम्मेदारी लेने की शिक्षा मिलती है? (ख) नदियों को प्रदूषित होने से बचाने के लिए क्या करना चाहिए? (ग) तीनों मछलियों के नाम लिखते हुए बताइए कि कौन-सी मछली आलसी थी व क्यों?	
	भाग- घ लेखन कौशल	
प्रश्न13	विद्यालय की ओर से पिकनिक का आयोजन करवाने के लिए प्रधानाचार्या जी को प्रार्थना पत्र लिखिए। अथवा बीमारी के लिए दो दिन का अवकाश माँगते हुए प्रधानाचार्या जी को प्रार्थना पत्र लिखिए।	